aglasem.com

FOR MAHA SET PREPARATION

MAHA SET 2024 Paper II Hindi Set A Question Paper

EXAM	YEAR	TYPE
MAHA SET	2024	Question Paper

Test Booklet Code & Serial No.
प्रश्नपत्रिका कोड व क्रमांक

A

Paper-II
HINDI

Signature and Name of Invigilator

1. (Signature) .....

(Name) .....

2. (Signature) .....

(Name) .....

Seat No. | | | | | | | |

(In figures as in Admit Card)

Seat No. .....

(In words)

OMR Sheet No. | | | | | | | |

(To be filled by the Candidate)

APR - 02224

Time Allowed : 2 Hours] **[Maximum Marks : 200**

Number of Pages in this Booklet : **20**

Number of Questions in this Booklet : **100**

Instructions for the Candidates

1. Write your Seat No. and OMR Sheet No. in the space provided on the top of this page.
2. This paper consists of **100** objective type questions. Each question will carry *two* marks. *All* questions of Paper II will be compulsory.
3. At the commencement of examination, the question booklet will be given to the student. In the first 5 minutes, you are requested to open the booklet and compulsorily examine it as follows :
   (*i*) To have access to the Question Booklet, tear off the paper seal on the edge of this cover page. Do not accept a booklet without sticker-seal or open booklet.
   (*ii*) Tally the number of pages and number of questions in the booklet with the information printed on the cover page. Faulty booklets due to missing pages/questions or questions repeated or not in serial order or any other discrepancy should not be accepted and correct booklet should be obtained from the invigilator within the period of 5 minutes. Afterwards, neither the Question Booklet will be replaced nor any extra time will be given. The same may please be noted.
   (*iii*) After this verification is over, the OMR Sheet Number should be entered on this Test Booklet.
4. Each question has four alternative responses marked (A), (B), (C) and (D). You have to darken the circle as indicated below on the correct response against each item.
   Example : where (C) is the correct response.

   (A) (B) ● (D)

5. Your responses to the items are to be indicated in the **OMR Sheet given inside the Booklet only.** If you mark at any place other than in the circle in the OMR Sheet, it will not be evaluated.
6. Read instructions given inside carefully.
7. Rough Work is to be done at the end of this booklet.
8. If you write your Name, Seat Number, Phone Number or put any mark on any part of the OMR Sheet, except for the space allotted for the relevant entries, which may disclose your identity, or use abusive language or employ any other unfair means, you will render yourself liable to disqualification.
9. You have to return original OMR Sheet to the invigilator at the end of the examination compulsorily and must not carry it with you outside the Examination Hall. You are, however, allowed to carry the Test Booklet and duplicate copy of OMR Sheet on conclusion of examination.
10. Use only Blue/Black Ball point pen.
11. Use of any calculator or log table, etc., is prohibited.
12. There is no negative marking for incorrect answers.

विद्यार्थ्यांसाठी महत्त्वाच्या सूचना

1. परीक्षार्थींनी आपला आसन क्रमांक या पृष्ठावरील वरच्या कोपऱ्यात लिहावा. तसेच आपणांस दिलेल्या उत्तरपत्रिकेचा क्रमांक त्याखाली लिहावा.
2. सदर प्रश्नपत्रिकेत 100 बहुपर्यायी प्रश्न आहेत. प्रत्येक प्रश्नास **दोन** गुण आहेत. या प्रश्नपत्रिकेतील **सर्व** प्रश्न सोडविणे अनिवार्य आहे.
3. परीक्षा सुरू झाल्यावर विद्यार्थ्याला प्रश्नपत्रिका दिली जाईल. सुरुवातीच्या 5 मिनिटांमध्ये आपण सदर प्रश्नपत्रिका उघडून खालील बाबी अवश्य तपासून पहाव्यात.
   (*i*) प्रश्नपत्रिका उघडण्यासाठी प्रश्नपत्रिकेवर लावलेले सील उघडावे. सील नसलेली किंवा सील उघडलेली प्रश्नपत्रिका स्वीकारू नये.
   (*ii*) पहिल्या पृष्ठावर नमूद केल्याप्रमाणे प्रश्नपत्रिकेची एकूण पृष्ठे तसेच प्रश्नपत्रिकेतील एकूण प्रश्नांची संख्या पडताळून पहावी. पृष्ठे कमी असलेली/कमी प्रश्न असलेली/प्रश्नांचा चुकीचा क्रम असलेली किंवा इतर त्रुटी असलेली सदोष प्रश्नपत्रिका सुरुवातीच्या 5 मिनिटातच पर्यवेक्षकाला परत देऊन दुसरी प्रश्नपत्रिका मागवून घ्यावी. त्यानंतर प्रश्नपत्रिका बदलून मिळणार नाही तसेच वेळही वाढवून मिळणार नाही याची कृपया विद्यार्थ्यांनी नोंद घ्यावी.
   (*iii*) वरीलप्रमाणे सर्व पडताळून पाहिल्यानंतरच प्रश्नपत्रिकेवर ओ.एम.आर. उत्तरपत्रिकेचा नंबर लिहावा.
4. प्रत्येक प्रश्नासाठी (A), (B), (C) आणि (D) अशी चार विकल्प उत्तरे दिली आहेत. त्यातील योग्य उत्तराचा रकाना खाली दर्शविल्याप्रमाणे ठळकपणे काळ्या/निळ्या करावा.
   उदा. : जर (C) हे योग्य उत्तर असेल तर.

   (A) (B) ● (D)

5. या प्रश्नपत्रिकेतील प्रश्नांची उत्तरे **ओ.एम.आर. उत्तरपत्रिकेतच दर्शवावीत.** इतर ठिकाणी लिहिलेली उत्तरे तपासली जाणार नाहीत.
6. आत दिलेल्या सूचना काळजीपूर्वक वाचाव्यात.
7. प्रश्नपत्रिकेच्या शेवटी जोडलेल्या कोऱ्या पानावरच कच्चे काम करावे.
8. जर आपण ओ.एम.आर. वर नमूद केलेल्या ठिकाणाव्यतिरिक्त इतर कोठेही नाव, आसन क्रमांक, फोन नंबर किंवा ओळख पटेल अशी कोणतीही खूण केलेली आढळून आल्यास अथवा असभ्य भाषेचा वापर किंवा इतर गैरमार्गाचा अवलंब केल्यास विद्यार्थ्याला परीक्षेस अपात्र ठरविण्यात येईल.
9. परीक्षा संपल्यानंतर विद्यार्थ्याने मूळ ओ.एम.आर. उत्तरपत्रिका पर्यवेक्षकांकडे परत करणे आवश्यक आहे. तथापि, प्रश्नपत्रिका व ओ.एम.आर. उत्तरपत्रिकेची द्वितीय प्रत आपल्याबरोबर नेण्यास विद्यार्थ्यांना परवानगी आहे.
10. फक्त निळ्या किंवा काळ्या बॉल पेनचाच वापर करावा.
11. कॅलक्युलेटर किंवा लॉग टेबल वापरण्यास परवानगी नाही.
12. चुकीच्या उत्तरासाठी गुण कपात केली जाणार नाही.

APR - 02224/II—A

2

APR - 02224/II—A

Hindi
Paper II
हिंदी
प्रश्नपत्रिका II

Time Allowed : 120 Minutes] **[Maximum Marks : 200**

सूचना : इस प्रश्न-पत्र में **सौ (100)** वस्तुनिष्ठ प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न के **दो** अंक हैं। **सभी** प्रश्नों के उत्तर दीजिए।

1. कौनसी बोली पश्चिमी हिंदी की नहीं है ?
   (A) ब्रज
   (B) बाँगरू
   (C) बुंदेली
   (D) अवधी

2. जार्ज ग्रियर्सन ने हिंदी की बोलियों को शुद्ध भाषावैज्ञानिक दृष्टि से कितने वर्गों में विभाजित किया है ?
   (A) 2
   (B) 4
   (C) 5
   (D) 7

3. उत्तम पुरुष में एकवचन का सर्वनाम 'हौं' किस बोली में प्रयुक्त होता है ?
   (A) अवधी
   (B) ब्रज
   (C) बुंदेली
   (D) बघेली

4. 'हिंदी साहित्य का पहला इतिहास' के लेखक कौन हैं ?
   (A) ग्रियर्सन
   (B) पार्जिटर
   (C) मेकॉले
   (D) गार्सो द-तासी

5. नलिन विलोचन शर्मा के अनुसार किसने हिंदी का सर्वप्रथम सुव्यवस्थित साहित्यिक इतिहास लिखा है ?
   (A) रामचंद्र शुक्ल
   (B) हजारी प्रसाद द्विवेदी
   (C) रामकुमार वर्मा
   (D) गणपति चंद्र गुप्त

6. 'आनंददशा विनोद' ग्रंथ के रचनाकार कौन हैं ?
   (A) हितहरिवंश
   (B) ध्रुवदास
   (C) महावीरदास
   (D) नाभादास

aglasem.com For more Question Papers, Sample Papers, Notes & Syllabus visit aglasem.com

7. ''विशेष परिस्थितियों में विभिन्न व्यक्तियों की अनुभूतियों में अत्यधिक समानता ही संप्रेषण है''— यह किसका कथन है ?

(A) टी. एस. इलियट

(B) क्रोचे

(C) मैथ्यू आर्नल्ड

(D) आई. ए. रिचर्ड्स

8. इनमें से कौन रससूत्र का व्याख्याता नहीं है ?

(A) भट्ट लोल्लट

(B) भट्ट नायक

(C) अभिनवगुप्त

(D) भामह

9. 'काव्यशोभाकरान् धर्मानलंकारान् प्रचक्षते'—यह उक्ति किसकी है ?

(A) भामह

(B) दंडी

(C) वामन

(D) जयदेव

10. भारतीय नवजागरण को हिन्दू नवजागरण किसने कहा है ?

(A) डॉ. श्रीनारायण चतुर्वेदी

(B) अज्ञेय

(C) डॉ. रामविलास शर्मा

(D) डॉ. शंभुनाथ

11. 'द्विवेदीजी की युगांतरकारी भूमिका यह है कि उन्होंने वैज्ञानिक ढंग से अनेक समस्याओं का विवेचन गहराई से किया' — किसका कथन है ?

(A) रामचंद्र शुक्ल

(B) नंददुलारे वाजपेयी

(C) रामविलास शर्मा

(D) जयशंकर प्रसाद

12. इनमें से कौन उत्तर-आधुनिकतावादी विचारक नहीं है ?

(A) ल्योतार

(B) बौद्रिआ

(C) जोनाथन कुलर

(D) मलार्मे

13. पृथ्वीराजरासो के रचयिता चंद बरदाई किस सम्राट के राजकवि थे ?

(A) राजा विजयपाल

(B) राजा अनंगपाल

(C) राजा सोमेश्वर

(D) पृथ्वीराज चौहान

14. 'आध्यात्मिक रंग के चश्मे आजकल बहुत सस्ते हो गये हैं'—यह वाक्य आचार्य रामचंद्र शुक्ल ने किस कवि के संदर्भ में प्रयुक्त किया है ?

(A) विद्यापति

(B) अमीर खुसरो

(C) जायसी

(D) सूरदास

15. रामचरितमानस के सबसे बड़े काण्ड का नाम क्या है ?

(A) सुंदरकाण्ड

(B) उत्तरकाण्ड

(C) बालकाण्ड

(D) अयोध्याकाण्ड

16. ''उम्र बीत जाने से कैशोर्य और यौवन नहीं बीत जाता। ये भावनाएँ तो केवल तृप्त होकर ही मरती हैं, वरना और अधिक बलवती होकर आदमी को मारती रहती हैं।'' यह कथन किस उपन्यास से संबंधित है ?

(A) त्यागपत्र

(B) गोदान

(C) आपका बंटी

(D) परीक्षा गुरु

17. 'देवरानी जेठानी की कहानी' को हिंदी का प्रथम उपन्यास कौन मानते हैं ?

(A) रामचंद्र शुक्ल

(B) डॉ. गोपालराय

(C) मिश्रबंधु

(D) श्यामसुन्दरदास

18. पंजाब का घोड़ेवाहा गाँव किस उपन्यास के केन्द्र में है ?

(A) झूठा सच

(B) परीक्षा गुरु

(C) धरती धन न अपना

(D) तमस

19. 'चंद्रदेव से मेरी बातें' कहानी में विक्टोरिया की प्रतिमूर्ति से काला दाग छुड़ाने में कौन फलीभूत हुए हैं ?

(A) प्रो. धुर्ये

(B) प्रो. गज्जर

(C) प्रो. स्वामीनाथन

(D) प्रो. कुलकर्णी

20. 'अमृतसर आ गया है' कहानी में किस स्टेशन के पीछे छूटने के बाद पठानों ने खाने की पोटली खोल ली ?

(A) लाहौर

(B) वजीराबाद

(C) जेहलम

(D) हरबंसपुरा

21. इंस्पेक्टर मातादीन कितने साल पहले पुलिस में भरती हुए थे ?

(A) छब्बीस

(B) बीस

(C) तीस

(D) चौबीस

22. इनमें कौन ऐसा है जो बकरी-भक्त न हो।
बकरी का नाम लेके बना हर विधान है।
बकरी के नाम पर चला सारा जहान है।
'बकरी' नाटक में यह संवाद किस पात्र का है ?

(A) दुर्जन

(B) युवक

(C) भिश्ती

(D) कर्मवीर

aglasem.com For more Question Papers, Sample Papers, Notes & Syllabus visit aglasem.com

23. स्त्रियों के इस बलिदान का भी कोई मूल्य नहीं। कितनी असहाय दशा है। अपने निर्बल और अवलंब खोजने वाले हाथों से वह पुरुषों के चरणों को पकड़ती है और वह सदैव ही इनको तिरस्कार, घृणा और दुर्दशा की भिक्षा से उपकृत करता है। तब भी वह बावली मानती हैं ?

(A) कोमा

(B) चंद्रगुप्त

(C) ध्रुवस्वामिनी

(D) मंदाकिनी

24. तुम्हारे और साथी सब हिंदुस्तान की ओर भेजे गए हैं, तुम भी वहीं जाओ और अपनी जोगनिंद्रा से सबको अपने वश में करो। 'भारत-दुर्दशा' नाटक में यह संवाद किस पात्र द्वारा कहा गया है ?

(A) भारत

(B) भारतदुर्दैव

(C) सभापति

(D) भारतभाग्य

25. 'आजकल की कविता में नयापन नहीं। उसमें पुराने जमाने की कविता की पुनरावृत्ति मात्र है।' यह कथन किस निबंधकार का है ?

(A) रामचंद्र शुक्ल

(B) नामवर सिंह

(C) सरदार पूर्णसिंह

(D) विद्यानिवास मिश्र

26. 'आर्डर ऑफ दि इंडियन एम्पायर' पद का उल्लेख निम्न में से किस निबंध में आया है ?

(A) उठ जाग मुसाफिर

(B) दिल्ली दरबार दर्पण

(C) शिवशंभु के चिट्ठे

(D) भारतवर्षोन्नति कैसे हो सकती है ?

27. मनुष्य की आदिम बर्बर प्रवृत्ति का वर्णन निम्न में से किस निबंध में प्राप्त होता है ?

(A) उठ जाग मुसाफिर

(B) नाखून क्यों बढ़ते हैं ?

(C) दिल्ली दरबार दर्पण

(D) संस्कृति और सौंदर्य

28. 'माटी की मूरतें' पुस्तक में कितने शब्दचित्र संकलित हैं ?

(A) 12

(B) 10

(C) 11

(D) 13

29. ''ये नदियाँ इस देश की रक्तवाहिनी शिराओं के समान जीवनदायक भी रही हैं।'' यह कथन किस रचना से उद्धृत है ?

(A) मुर्दहिया

(B) ठकुरी बाबा

(C) माटी की मूरतें

(D) आवारा मसीहा

30. 'भुतही पारिवारिक पृष्ठभूमि' किस आत्मकथा का प्रथम अध्याय है ?

(A) मुर्दहिया

(B) जूठन

(C) एक कहानी यह भी

(D) क्या भूलूँ क्या याद करूँ

31. अपभ्रंश प्राकृत के साथ उनकी उपभाषाओं का सुमेलन कीजिए :

अपभ्रंश प्राकृत		उपभाषाएँ
(a)	सौररसेनी अपभ्रंश	(i) बिहारी
(b)	अर्धमागधी	(ii) पहाड़ी
(c)	मागधी अपभ्रंश	(iii) राजस्थानी
(d)	अपभ्रंश प्राकृत	(iv) पूर्वी हिंदी
		(v) पश्चिमी हिंदी

इनमें से **सही** विकल्प है :

	(a)	(b)	(c)	(d)
(A)	(iv)	(v)	(ii)	(iii)
(B)	(v)	(iv)	(i)	(iii)
(C)	(i)	(iii)	(iv)	(ii)
(D)	(ii)	(i)	(iii)	(v)

32. निम्नलिखित वर्णों का उनके उच्चारण स्थानों से सुमेलन कीजिए :

वर्ण		उच्चारण स्थान
(a)	क, ख	(i) तालव्य
(b)	य, र	(ii) मूर्धन्य
(c)	त, थ	(iii) अंतस्थ
(d)	च, छ	(iv) दन्त्य
		(v) कंठ्य

इनमें से **सही** विकल्प है :

	(a)	(b)	(c)	(d)
(A)	(v)	(iii)	(iv)	(i)
(B)	(i)	(v)	(iv)	(ii)
(C)	(ii)	(i)	(v)	(iv)
(D)	(iii)	(iv)	(ii)	(i)

33. निम्नलिखित पत्रिकाओं को उनके प्रकाशन वर्ष के साथ सुमेलित कीजिए :

(a)	कवि वचन सुधा	(i) 1881 ई.
(b)	हिंदी प्रदीप	(ii) 1883 ई.
(c)	ब्राह्मण	(iii) 1877 ई.
(d)	क्षत्रिय पत्रिका	(iv) 1868 ई.
		(v) 1850 ई.

इनमें से कौनसा विकल्प **सही** है ?

	(a)	(b)	(c)	(d)
(A)	(iv)	(iii)	(ii)	(i)
(B)	(i)	(ii)	(iii)	(iv)
(C)	(ii)	(i)	(iv)	(iii)
(D)	(iii)	(i)	(ii)	(v)

34. निम्नलिखित आदर्शवादी पौराणिक नाटकों को उनके नाटककारों के साथ सुमेलित कीजिए :

नाटक		नाटककार
(a)	उषा हरण	(i) चन्द्रशरण
(b)	प्रहलाद चरित्र	(ii) श्रीनिवासदास
(c)	मिथिलेश कुमारी	(iii) विंध्येश्वर प्रसाद त्रिपाठी
(d)	मोरध्वज	(iv) शालिग्राम वैश्य
		(v) प्रकाश चंद्र

इनमें से कौनसा विकल्प **सही** है ?

	(a)	(b)	(c)	(d)
(A)	(ii)	(iv)	(iii)	(i)
(B)	(iii)	(ii)	(iv)	(i)
(C)	(iv)	(iii)	(ii)	(v)
(D)	(i)	(ii)	(iii)	(iv)

aglasem.com For more Question Papers, Sample Papers, Notes & Syllabus visit aglasem.com

35. निम्नलिखित उद्धरणों में व्यक्त अलंकारों को सुमेलित कीजिए :

(*a*) उतरि नहाने जमुन जल (*i*) यमक
जो सरीर सम स्याम

(*b*) उर पर नाहि उरोज यह, (*ii*) प्रतीप
कनकलता फल मानि

(*c*) कनक कनक ते सौगुनी (*iii*) श्लेष
मादकता अधिकाय
वा पाये बौराय जग
या खाये बौराय

(*d*) रहिमन पानी राखिए (*iv*) अपह्नुति
बिन पानी सब सून
पानी गये न ऊबरै,
मोती, मानुस चून

(*v*) उल्लेख

इनमें से कौनसा विकल्प **सही** है ?

	(*a*)	(*b*)	(*c*)	(*d*)
(A)	(*ii*)	(*iv*)	(*iii*)	(*v*)
(B)	(*ii*)	(*iv*)	(*i*)	(*iii*)
(C)	(*ii*)	(*iv*)	(*i*)	(*v*)
(D)	(*iii*)	(*iv*)	(*i*)	(*ii*)

36. निम्नलिखित रचनाकारों को उनकी रचनाओं के साथ सुमेलित कीजिए :

(*a*) दी सेक्रेड वुड (*i*) मिडलटन मरे

(*b*) दी प्राब्लम आफ (*ii*) आई.ए. रिचर्ड्स
स्टाइल

(*c*) प्रिंसिपल्स आफ (*iii*) टी.एस. इलियट
लिटरेरी क्रिटिसिज्म

(*d*) गिल्ट एण्ड सौरो (*iv*) कॉलरिज

(*v*) वर्ड्सवर्थ

इनमें से कौनसा विकल्प **सही** है ?

	(*a*)	(*b*)	(*c*)	(*d*)
(A)	(*iii*)	(*i*)	(*v*)	(*iv*)
(B)	(*iii*)	(*i*)	(*ii*)	(*v*)
(C)	(*iii*)	(*i*)	(*ii*)	(*iv*)
(D)	(*iv*)	(*i*)	(*ii*)	(*v*)

37. स्वाधीनता आंदोलन के समय लिखी गई निम्नलिखित काव्य-पंक्तियों को उनके कवियों के साथ सुमेलित कीजिए :

(*a*) संसार में कविता (*i*) दिनकर
अनेकों क्रांतियाँ हैं
कर चुकीं

(*b*) एक घड़ी की (*ii*) जयशंकर प्रसाद
परवशता भी
कोटि नरक के सम है

(*c*) निछावर कर दें (*iii*) मैथिलीशरण गुप्त
हम सर्वस्व
हमारा प्यारा भारतवर्ष

(*d*) गुमी हुई आजादी की (*iv*) रामनरेश त्रिपाठी
सबने कीमत पहचानी थी

(*v*) सुभद्राकुमारी
चौहान

इनमें से कौनसा विकल्प **सही** है ?

	(*a*)	(*b*)	(*c*)	(*d*)
(A)	(*v*)	(*iv*)	(*i*)	(*ii*)
(B)	(*iii*)	(*v*)	(*iv*)	(*i*)
(C)	(*iv*)	(*i*)	(*iii*)	(*v*)
(D)	(*iii*)	(*iv*)	(*ii*)	(*v*)

38. निम्नलिखित विचारकों को उनके आंदोलनों के साथ सुमेलित कीजिए :

(*a*)	मार्क्सवाद	(*i*)	फ्रॉयड
(*b*)	मनोविश्लेषणवाद	(*ii*)	ल्योतार
(*c*)	अस्तित्ववाद	(*iii*)	एंगेल्स
(*d*)	उत्तर-आधुनिकतावाद	(*iv*)	सार्त्र
		(*v*)	बॉदलेयर

इनमें से कौनसा विकल्प **सही** है ?

	(*a*)	(*b*)	(*c*)	(*d*)
(A)	(*i*)	(*ii*)	(*iii*)	(*iv*)
(B)	(*iii*)	(*i*)	(*iv*)	(*ii*)
(C)	(*v*)	(*iv*)	(*iii*)	(*ii*)
(D)	(*ii*)	(*iii*)	(*v*)	(*i*)

39. निम्नलिखित काव्यकृतियों को उनके कवियों के साथ सुमेलित कीजिए :

	सूची I		**सूची II**
(*a*)	साहित्य लहरी	(*i*)	कृष्णदास
(*b*)	गीतावली	(*ii*)	नाभादास
(*c*)	रास पंचाध्यायी	(*iii*)	तुलसीदास
(*d*)	भक्तमाल	(*iv*)	सूरदास
		(*v*)	नंददास

इनमें से कौनसा **सही** विकल्प है ?

	(*a*)	(*b*)	(*c*)	(*d*)
(A)	(*iv*)	(*iii*)	(*v*)	(*ii*)
(B)	(*i*)	(*iii*)	(*ii*)	(*iv*)
(C)	(*v*)	(*iv*)	(*iii*)	(*i*)
(D)	(*v*)	(*iv*)	(*iii*)	(*ii*)

40. निम्नलिखित काव्यकृतियों को उनके प्रकाशन वर्ष से सुमेलित कीजिए :

	सूची I		**सूची II**
(*a*)	प्रियप्रवास	(*i*)	1926
(*b*)	भारत भारती	(*ii*)	1914
(*c*)	कामायनी	(*iii*)	1936
(*d*)	पल्लव	(*iv*)	1912
		(*v*)	1920

इनमें से कौनसा विकल्प **सही** है ?

	(*a*)	(*b*)	(*c*)	(*d*)
(A)	(*i*)	(*ii*)	(*iii*)	(*iv*)
(B)	(*ii*)	(*iv*)	(*iii*)	(*i*)
(C)	(*i*)	(*ii*)	(*iv*)	(*v*)
(D)	(*i*)	(*v*)	(*iii*)	(*ii*)

41. निम्नलिखित पात्रों को उनके उपन्यासों के साथ सुमेलित कीजिए :

(*a*)	मैना कहारिन	(*i*)	मैला आँचल
(*b*)	कमला	(*ii*)	तमस
(*c*)	रिचर्ड	(*iii*)	धरती धन न अपना
(*d*)	ज्ञानो	(*iv*)	मानस का हंस

इनमें से कौनसा विकल्प **सही** है ?

	(*a*)	(*b*)	(*c*)	(*d*)
(A)	(*iv*)	(*i*)	(*ii*)	(*iii*)
(B)	(*iv*)	(*ii*)	(*i*)	(*iii*)
(C)	(*ii*)	(*iii*)	(*iv*)	(*i*)
(D)	(*i*)	(*ii*)	(*iv*)	(*iii*)

aglasem.com For more Question Papers, Sample Papers, Notes & Syllabus visit aglasem.com

42. निम्नलिखित उपन्यासों को उनके मुख्य वर्ण्य-विषय के साथ सुमेलित कीजिए :

(*a*)	धरती धन न अपना	(*i*)	विभाजन की त्रासदी
(*b*)	तमस	(*ii*)	दलित समाज का यथार्थ
(*c*)	आपका बंटी	(*iii*)	कृषक जीवन की त्रासदी
(*d*)	गोदान	(*iv*)	विवाह विच्छेद की समस्या

इनमें से कौनसा विकल्प **सही** है ?

	(*a*)	(*b*)	(*c*)	(*d*)
(A)	(*ii*)	(*i*)	(*iv*)	(*iii*)
(B)	(*i*)	(*iv*)	(*iii*)	(*ii*)
(C)	(*ii*)	(*iv*)	(*i*)	(*iii*)
(D)	(*iv*)	(*i*)	(*iii*)	(*ii*)

43. निम्नलिखित पात्रों को उनसे संबंधित कहानियों के साथ सुमेलित कीजिए :

(*a*)	हवलदार धरम सिंह	(*i*)	लाल पान की बेगम
(*b*)	जंगी की पुतोहू	(*ii*)	परिंदे
(*c*)	करीमुद्दीन	(*iii*)	राही
(*d*)	अनीता	(*iv*)	उसने कहा था
		(*v*)	कोशी का घटवार

इनमें से कौनसा विकल्प **सही** है ?

	(*a*)	(*b*)	(*c*)	(*d*)
(A)	(*iv*)	(*ii*)	(*iii*)	(*i*)
(B)	(*v*)	(*i*)	(*ii*)	(*iii*)
(C)	(*iii*)	(*v*)	(*iv*)	(*ii*)
(D)	(*ii*)	(*iv*)	(*iii*)	(*i*)

44. निम्नलिखित कथनों को कहने वाले पात्रों से सुमेलित कीजिए :

(*a*)	"हंसी में किसी के प्राण भी निकल जाएँ तो भी इन्हें दया न आवे"	(*i*)	शामनाथ
(*b*)	"अच्छी भली यह भाई के पास जा रही थीं। तुमने यूँ ही खुद अच्छा बनने के लिए बीच में टांग अड़ा दी।"	(*ii*)	बिरजू की माँ
(*c*)	"एक रत्ती क्यों, उठा के बरतन को फेंक आती हूँ, जाके चाटना।"	(*iii*)	गुंसाई
(*d*)	"लोग ठीक ही कहते हैं, औरत के हाथ की बनी रोटियों में स्वाद ही दूसरा होता है।"	(*iv*)	जानकी
		(*v*)	बचन सिंह

इनमें से कौनसा विकल्प **सही** है ?

	(*a*)	(*b*)	(*c*)	(*d*)
(A)	(*iv*)	(*i*)	(*ii*)	(*iii*)
(B)	(*ii*)	(*iii*)	(*v*)	(*iv*)
(C)	(*iv*)	(*iii*)	(*ii*)	(*v*)
(D)	(*iv*)	(*i*)	(*iii*)	(*v*)

45. निम्नलिखित एकांकी को उनके लेखकों के साथ सुमेलित कीजिए :

(a)	एक घूँट	(i)	भुवनेश्वर प्रसाद मिश्र
(b)	बादल की मृत्यु	(ii)	जयशंकर प्रसाद
(c)	चिलमन	(iii)	रामकुमार वर्मा
(d)	सेठ लाभचंद	(iv)	उपेंद्रनाथ अश्क
		(v)	उदयशंकर भट्ट

इनमें से कौनसा विकल्प **सही** है ?

	(a)	(b)	(c)	(d)
(A)	(iii)	(i)	(iv)	(v)
(B)	(ii)	(i)	(iv)	(v)
(C)	(ii)	(iii)	(iv)	(v)
(D)	(ii)	(iii)	(v)	(i)

46. निम्नलिखित नाटककारों को उनके नाटकों के साथ सुमेलित कीजिए :

(a)	खंडित यात्राएँ	(i)	मुद्राराक्षस
(b)	चंदियों की एक झालर	(ii)	शंभुनाथ सिंह
(c)	घोआस	(iii)	नरेश मेहता
(d)	मरजीवा	(iv)	काशीनाथ सिंह
		(v)	अमृतराय

इनमें से कौनसा विकल्प **सही** है ?

	(a)	(b)	(c)	(d)
(A)	(iii)	(ii)	(iv)	(i)
(B)	(iii)	(v)	(iv)	(i)
(C)	(v)	(ii)	(iv)	(i)
(D)	(iii)	(ii)	(iv)	(i)

47. निम्नलिखित निबंधकार और निबंध का सुमेलन कीजिए :

(a)	नामवर सिंह	(i)	भारत वर्षोन्नति कैसे हो सकती है
(b)	भारतेंदु	(ii)	शिवमूर्ति
(c)	रामचंद्र शुक्ल	(iii)	संस्कृति और सौंदर्य
(d)	प्रताप नारायण मिश्र	(iv)	कविता क्या है ?
		(v)	शिवशंभु के चिट्ठे

इनमें से कौनसा विकल्प **सही** है ?

	(a)	(b)	(c)	(d)
(A)	(iii)	(i)	(iv)	(ii)
(B)	(i)	(iii)	(v)	(ii)
(C)	(v)	(ii)	(iv)	(i)
(D)	(ii)	(iv)	(v)	(iii)

48. निम्नलिखित उद्धरणों का उनसे संबंधित निबंधों के साथ सुमेलन कीजिए :

(a)	शुद्ध है केवल मनुष्य की जिजीविषा	(i)	मजदूरी और प्रेम
(b)	हुनरमंदों से पूछे जाते हैं बाबे हुनर पहिले	(ii)	कविता क्या है?
(c)	रुपये का डेढ़ पाव घी मिलता है	(iii)	संस्कृति और सौंदर्य
(d)	खेती उसके ईश्वरी प्रेम का केंद्र है	(iv)	शिवमूर्ति
		(v)	शिवशंभु के चिट्ठे

इनमें से कौनसा विकल्प **सही** है ?

	(a)	(b)	(c)	(d)
(A)	(iii)	(iv)	(ii)	(i)
(B)	(iv)	(i)	(iii)	(ii)
(C)	(i)	(iii)	(ii)	(iv)
(D)	(v)	(ii)	(iv)	(i)

aglasem.com For more Question Papers, Sample Papers, Notes & Syllabus visit aglasem.com

49. निम्नलिखित रचनाओं को उनके प्रकाशन वर्ष के साथ सुमेलित कीजिए :

(*a*) क्या भूलूँ क्या याद करूँ (*i*) सन् 2007

(*b*) अरे यायावर रहेगा याद (*ii*) सन् 1969

(*c*) एक कहानी यह भी (*iii*) सन् 1946

(*d*) माटी की मूरतें (*iv*) सन् 1953

(*v*) सन् 1967

इनमें से कौनसा विकल्प **सही** है ?

	(*a*)	(*b*)	(*c*)	(*d*)
(A)	(*ii*)	(*i*)	(*iv*)	(*iii*)
(B)	(*iii*)	(*v*)	(*iv*)	(*ii*)
(C)	(*ii*)	(*iv*)	(*i*)	(*iii*)
(D)	(*ii*)	(*iv*)	(*iii*)	(*v*)

50. निम्नलिखित रचनाओं को उनके रचनाकारों के साथ सुमेलित कीजिए :

(*a*) जामुन का पेड़ (*i*) तुलसीराम

(*b*) मुर्दहिया (*ii*) हरिवंशराय बच्चन

(*c*) क्या भूलूँ क्या याद करूँ (*iii*) रमणिका गुप्ता

(*d*) आप हुदरी (*iv*) कृष्ण चन्दर

(*v*) दिनकर

इनमें से कौनसा विकल्प **सही** है ?

	(*a*)	(*b*)	(*c*)	(*d*)
(A)	(*v*)	(*ii*)	(*i*)	(*iii*)
(B)	(*i*)	(*iii*)	(*iv*)	(*ii*)
(C)	(*iii*)	(*ii*)	(*v*)	(*i*)
(D)	(*iv*)	(*i*)	(*ii*)	(*iii*)

51. उपभाषाओं के साथ उनकी बोलियों का संगत वर्ग पहचानिए :

(A) पश्चिमी हिंदी – खड़ीबोली, ब्रज, बाँगरू, बुंदेली

(B) पूर्वी हिंदी – अवधी, भदावरी, कौरवी, इटावी

(C) राजस्थानी – मारवाड़ी, छत्तीसगढ़ी, मेवाती, कोंकणी

(D) बिहारी – भोजपुरी, मगही, कुमायुंनी, निमाड़ी

52. निम्नलिखित में से उपसर्ग और प्रत्यय के योग से बने शब्दों का संगत वर्ग है :

(A) विभक्ति, विक्रमी, अज्ञानी, अविनाशी

(B) सनातनी, शीतल, दिवान, श्यामल

(C) नायक, विकृत, प्रकोप, प्रजा

(D) ज्ञानात्मक, क्रिया, राजनीति, संन्यास

53. हिंदी में साहित्येतिहास लेखन के प्रारंभिक प्रयत्न का संगत वर्ग कौनसा है ?

(A) भक्तमाल, वार्ता साहित्य, कविमाला, कालिदास हजारा

(B) हिंदी साहित्य का इतिहास, वार्ता साहित्य, साहित्य का वैज्ञानिक इतिहास, साहित्य का आधा इतिहास

(C) इतिहास विशेषांक, साहित्य विशेषांक, हिंदी-साहित्य, आधुनिक हिंदी साहित्य

(D) आधुनिक साहित्य, साहित्य विशेषांक, इतिहास विशेषांक, वार्ता साहित्य

54. शुक्ल युग के प्रसिद्ध इतिहासकारों का संगत वर्ग लिखिए :

(A) श्यामसुन्दर दास, सूर्यकांत शास्त्री, रामशंकर शुक्ल 'रसाल', डॉ. रामकुमार वर्मा

(B) डॉ. रामविलास शर्मा, डॉ. रामकुमार वर्मा, डॉ. नगेन्द्र, राम खेलावन पांडेय

(C) सूर्यकांत शास्त्री, डॉ. नगेन्द्र, डॉ. गणपति चंद्र गुप्त, विजेन्द्र स्नातक

(D) हरिऔध, हजारी प्रसाद द्विवेदी, राम खेलावन पांडेय, डॉ. राम अवध द्विवेदी

55. भरत मुनि के अनुसार चार अलंकारों का संगत वर्ग है :

(A) उपमा, दीपक, यमक, श्लेष

(B) उपमा, रूपक, दीपक, अनुप्रास

(C) उपमा, रूपक, दीपक, यमक

(D) उपमा, रूपक, यमक, वक्रोक्ति

56. प्लेटो की कृतियों का संगत वर्ग है :

(A) इयोन, सिम्पोजियम, रिपब्लिक, आन पोयट्री एण्ड पोयट्स

(B) इयोन, सिम्पोजियम, रिपब्लिक, द स्टैट्समैन

(C) इयोन, सिम्पोजियम, रिपब्लिक, पोएटिक्स

(D) सिम्पोजियम, रिपब्लिक, द स्टैट्समैन, पेरिइप्सुस

57. अस्मितामूलक विमर्श की रचनाओं का संगत वर्ग कौनसा है ?

(A) शृंखला की कड़ियाँ, जूठन, नगाड़े की तरह बजते शब्द, समय सरगम

(B) समय सरगम, शैलूष, शृंखला की कड़ियाँ, जूठन

(C) जूठन, शैलूष, शृंखला की कड़ियाँ, समय सरगम

(D) शैलूष, जूठन, समय सरगम, नगाड़े की तरह बजते शब्द

58. अस्तित्ववादी विचारकों का संगत वर्ग कौनसा है ?

(A) सोरेन कीर्केगार्ड, अल्वेयर कामू, सार्त्र, मार्लियो पोंती

(B) सोरेन कीर्केगार्ड, सार्त्र, अल्वेयर कामू, गैब्रियल मार्सल

(C) गैब्रियल मार्सल, सार्त्र, अल्वेयर कामू, मार्लियो पोंती

(D) सार्त्र, गैब्रियल मार्सल, अल्वेयर कामू, सोरेन कीर्केगार्ड

59. निराला की निम्नलिखित रचनाओं का संगत वर्ग क्या है ?

(A) कुकुरमुत्ता, सरोज स्मृति, जुही की कली, आँसू

(B) कुकुरमुत्ता, सरोज स्मृति, जुही की कली, खरोजहरा

(C) पल्लव, कुकुरमुत्ता, जुही की कली, खरोजहरा

(D) सांध्यगीत, पल्लव, खरोजहरा, कुकुरमुत्ता

60. नीचे दी गई धूमिल की 'संसद से सड़क तक' में संकलित कविताओं का संगत वर्ग क्या है ?

(A) मोचीराम, नक्सलबाड़ी, अकालदर्शन, पटकथा

(B) रोटी और संसद, मोचीराम, पटकथा, नक्सलबाड़ी

(C) खेवती, पटकथा, अकालदर्शन, मोचीराम

(D) शब्द जहाँ सक्रिय हैं, मोचीराम, अकालदर्शन, पटकथा

aglasem.com For more Question Papers, Sample Papers, Notes & Syllabus visit aglasem.com

61. कृष्णा सोबती के उपन्यासों का संगत वर्ग है :
(A) कंकाल, मित्रो मरजानी, सूरजमुखी अंधेरे के, जिन्दगीनामा
(B) मित्रो मरजानी, सूरजमुखी अंधेरे के, जिन्दगीनामा, समय सरगम
(C) गोदान, मित्रो मरजानी, सूरजमुखी अंधेरे के, समय सरगम
(D) मित्रो मरजानी, जिन्दगीनामा, समय सरगम, कंकाल

62. जगदीश चंद्र के उपन्यासों का संगत वर्ग कौनसा है ?
(A) कभी न छोड़ें खेत, आधा पुल, धरती धन न अपना, नरककुण्ड में बास
(B) गोदान, कभी न छोड़ें खेत, आधा पुल, धरती धन न अपना
(C) नरककुण्ड में बास, कंकाल, आधा पुल, कभी न छोड़ें खेत
(D) परख, नरककुण्ड में बास, कंकाल, आधा पुल

63. 'तीसरी कसम' कहानी में आए पात्रों का संगत वर्ग कौनसा है ?
(A) लालमोहर, धुन्नीराम, जंगी, बिरजू
(B) धुन्नीराम, लहसनवा, बिरजू, पलटदास
(C) लालमोहर, जंगी, लहसनवा, पलटदास
(D) लालमोहर, धुन्नीराम, लहसनवा, पलटदास

64. 'आकाशदीप' कहानी में आए स्थानों का संगत वर्ग कौनसा है ?
(A) बाली, जावा, सुमात्रा, सिंहल
(B) बाली, चंपानगरी, सुमात्रा, काशी
(C) चंपानगरी, सुमात्रा, जावा, कांची
(D) ताम्रलिप्ति, जावा, सुमात्रा, कश्मीर

65. 'आषाढ़ का एक दिन' इस नाटक के पात्रों का संगत वर्ग है :
(A) कालिदास, मल्लिका, कल्याणी, अलका
(B) कालिदास, मल्लिका, मालविका, कल्याणी
(C) मल्लिका, कालिदास, पुरोहित, मालविका
(D) मल्लिका, कालिदास, अनुस्वार, निक्षेप

66. निम्नलिखित में से शंकरशेष के नाटकों का संगत वर्ग है :
(A) टूटते परिवेश, एक और द्रोणाचार्य, दर्पण, फंदी
(B) बिन बाती के दीप, खंडित यात्राएँ, फंदी, एक और द्रोणाचार्य
(C) बिन बाती के दीप, फंदी, खुजराहो के शिल्पी, युगे-युगे क्रांति
(D) बिन बाती के दीप, फंदी, युगे-युगे क्रांति, सुबह के घंटे

67. भारतेंदु के निबंधों का संगत वर्ग है :
(A) मणिकर्णिका, कश्मीर कुसुम, संगीत सार, सूर्योदय
(B) कश्मीर कुसुम, सूर्योदय, श्रद्धा-भक्ति, संगीत सार
(C) मणिकर्णिका, संगीत सार, शिवमूर्ति, कश्मीर कुसुम
(D) संगीत सार, सूर्योदय, कविता क्या है, मणिकर्णिका

68. प्रतापनारायण मिश्र के निबंधों का संगत वर्ग है :
(A) मनोयोग, मजदूरी और प्रेम, शिवशंभु के चिट्ठे, शिवमूर्ति
(B) प्रताप पीयूष, कुटज, नाखून क्यों बढ़ते हैं, शिवमूर्ति
(C) बात, भौ, मनोयोग, प्रताप पीयूष
(D) भौ, प्रताप पीयूष, दिल्ली दरबार दर्पण, उठ जाग मुसाफिर

69. निम्नलिखित में से आत्मकथाओं का संगत वर्ग कौनसा है ?

(A) क्या भूलूँ क्या याद करूँ, आपहुदरी, कस्तूरी कुंडल बसे, मुर्दहिया

(B) मुर्दहिया, कस्तूरी कुंडल बसे, क्या भूलूँ क्या याद करूँ, आपहुदरी

(C) कस्तूरी कुंडल बसे, मुर्दहिया, क्या भूलूँ क्या याद करूँ, आपहुदरी

(D) आपहुदरी, मुर्दहिया, कस्तूरी कुंडल बसे, क्या भूलूँ क्या याद करूँ

70. 'माटी की मूरतें' में संकलित रेखाचित्रों का संगत वर्ग है :

(A) बैजू मामा, रूपा की आजी, देव, रजिया

(B) रामदास, बैजू भैया, बलदेव सिंह, मंगर

(C) शुक्लजी, देव, बुधिया, परमेसर

(D) रजिया, बलदेव सिंह, सरजू भैया, मंगर

71. 'घोष' ध्वनियों का सही क्रम पहचानिए :

(A) क, ख, च, ट

(B) ग, घ, ङ, ज

(C) त, थ, स, फ

(D) छ, ठ, स, श

72. ऊष्म व्यंजन वर्णों का सही अनुक्रम है :

(A) द, ध, न, व

(B) क, ख, प, फ

(C) य, र, ल, व

(D) श, ष, स, ह

73. प्रकाशन वर्ष के अनुसार भीष्म साहनी के कहानी-संग्रहों का सही अनुक्रम है :

(A) पहला पाठ, भटकती राख, पटरियाँ, भाग्यरेखा

(B) भाग्यरेखा, पहला पाठ, भटकती राख, पटरियाँ

(C) भटकती राख, भाग्यरेखा, पटरियाँ, पहला पाठ

(D) पहला पाठ, भटकती राख, पटरियाँ, भाग्यरेखा

74. यशपाल के निम्नलिखित उपन्यासों का सही अनुक्रम है :

(A) दिव्या, अमिता, बारह घंटे, अप्सरा का शाप

(B) अप्सरा का शाप, बारह घंटे, अमिता, दिव्या

(C) बारह घंटे, अप्सरा का शाप, दिव्या, अमिता

(D) अमिता, दिव्या, बारह घंटे, अप्सरा का शाप

75. कालक्रम की दृष्टि से निम्नलिखित आचार्यों का सही अनुक्रम है :

(A) वामन, मम्मट, विश्वनाथ, पंडितराज जगन्नाथ

(B) विश्वनाथ, वामन, मम्मट, पंडितराज जगन्नाथ

(C) पंडितराज जगन्नाथ, वामन, मम्मट, विश्वनाथ

(D) मम्मट, विश्वनाथ, वामन, पंडितराज जगन्नाथ

76. जन्मकाल के अनुसार स्वच्छन्दतावादी कवियों का सही अनुक्रम है :

(A) कीट्स, वर्ड्सवर्थ, कॉलरिज, शेली

(B) शेली, वर्ड्सवर्थ, कॉलरिज, कीट्स

(C) वर्ड्सवर्थ, कॉलरिज, शेली, कीट्स

(D) कॉलरिज, वर्ड्सवर्थ, शेली, कीट्स

77. कालक्रमानुसार निम्नलिखित आलोचना ग्रंथों का सही क्रम कौनसा है ?

(A) रसज्ञरंजन, साहित्यालोचन, रस-मीमांसा, आधुनिक साहित्य

(B) रस-मीमांसा, रसज्ञरंजन, साहित्यालोचन, आधुनिक साहित्य

(C) आधुनिक साहित्य, रसज्ञरंजन, रस-मीमांसा, साहित्यालोचन

(D) साहित्यालोचन, आधुनिक साहित्य, रसज्ञरंजन, रस-मीमांसा

78. निम्नलिखित उत्तर-आधुनिक रचनाओं का काल-क्रमानुसार सही क्रम कौनसा है ?

(A) ग्रामटोलॉजी, फ्लाइट टू कनाडा, द पोस्ट मॉडर्न कंडीशन : ए रिपोर्ट ऑफ नॉलेज, द रिमेन्स ऑफ द डे

(B) द रिमेन्स ऑफ द डे, फ्लाइट टू कनाडा, ग्रामटोलॉजी, द पोस्ट मॉडर्न कंडीशन : ए रिपोर्ट ऑफ नॉलेज

(C) द पोस्ट मॉडर्न कंडीशन, ग्रामटोलॉजी, फ्लाइट टू कनाडा, द रिमेन्स ऑफ द डे

(D) ग्रामटोलॉजी, द पोस्ट मॉडर्न कंडीशन, फ्लाइट टू कनाडा, द रिमेन्स ऑफ द डे

79. प्रकाशन वर्ष के अनुसार मैथिलीशरण गुप्त की काव्यकृतियों का सही अनुक्रम है :

(A) रंग में भंग, भारत भारती, यशोधरा, रत्नावली

(B) रत्नावली, रंग में भंग, भारत भारती, यशोधरा

(C) यशोधरा, रत्नावली, रंग में भंग, भारत भारती

(D) भारत भारती, यशोधरा, रत्नावली, रंग में भंग

80. प्रकाशन वर्ष के अनुसार महादेवी वर्मा की निम्नलिखित काव्यकृतियाँ का सही अनुक्रम है :

(A) सांध्यगीत, नीहार, रश्मि, नीरजा

(B) नीरजा, नीहार, रश्मि, सांध्यगीत

(C) नीहार, रश्मि, नीरजा, सांध्यगीत

(D) रश्मि, नीहार, नीरजा, सांध्यगीत

81. अमृतलाल नागर के उपन्यासों का प्रकाशन वर्ष के अनुसार सही अनुक्रम है :

(A) मानस का हंस, सात घूँघट वाला मुखड़ा, अमृत और विष, सुहाग के नूपुर

(B) सुहाग के नूपुर, अमृत और विष, सात घूँघट वाला मुखड़ा, मानस का हंस

(C) अमृत और विष, सात घूँघट वाला मुखड़ा, मानस का हंस, सुहाग के नूपुर

(D) सात घूँघट वाला मुखड़ा, मानस का हंस, अमृत और विष, सुहाग के नूपुर

82. कालक्रमानुसार उपन्यासों का सही अनुक्रम है :

(A) तमस, शेखर : एक जीवनी, गोदान, परीक्षा गुरु

(B) परीक्षा गुरु, गोदान, शेखर : एक जीवनी, तमस

(C) शेखर : एक जीवनी, गोदान, परीक्षा गुरु, तमस

(D) गोदान, परीक्षा गुरु, तमस, शेखर : एक जीवनी

83. 'इंस्पेक्टर मातादीन चाँद पर' के आधार पर चाँद पर इंस्पेक्टर मातादीन द्वारा किये कार्यों का सही क्रम कौनसा है ?

(A) वेतन में कमी, गलत एफआईआर भरना, एविडेंस पर जोर, हनुमान मंदिर की स्थापना

(B) हनुमान मंदिर की स्थापना, वेतन में कमी, एविडेंस पर जोर, गलत एफआईआर भरना

(C) हनुमान मंदिर की स्थापना, एविडेंस पर जोर, गलत एफआईआर भरना, वेतन में कमी,

(D) वेतन में कमी, एविडेंस पर जोर, हनुमान मंदिर की स्थापना, गलत एफआईआर भरना

84. प्रकाशन वर्ष के अनुसार कहानियों का सही अनुक्रम कौनसा है ?

(A) ईदगाह, अपना अपना भाग्य, दुलाईवाली, कोसी का घटवार

(B) दुलाईवाली, ईदगाह, अपना अपना भाग्य, कोसी का घटवार

(C) ईदगाह, दुलाईवाली, अपना अपना भाग्य, कोसी का घटवार

(D) दुलाईवाली, अपना अपना भाग्य, ईदगाह, कोसी का घटवार

85. कालक्रमानुसार वृंदावनलाल वर्मा के नाटकों का सही क्रम है :

(A) राखी की लाज, बाँस की फाँस, खिलौने की खोज, केवट

(B) बाँस की फाँस, राखी की लाज, केवट, खिलौने की खोज

(C) केवट, बाँस की फाँस, खिलौने की खोज, राखी की लाज

(D) राखी की लाज, खिलौने की खोज, केवट, बाँस की फाँस

86. कालक्रमानुसार जगदीशचंद्र माथुर के एकांकियों का सही क्रम है :

(A) रीढ़ की हड्डी, कलिंग-विजय, मकड़ी का जाला, खण्डहर

(B) कलिंग-विजय, रीढ़ की हड्डी, मकड़ी का जाला, खण्डहर

(C) कलिंग-विजय, मकड़ी का जाला, खण्डहर, रीढ़ की हड्डी

(D) रीढ़ की हड्डी, खण्डहर, कलिंग-विजय, मकड़ी का जाला

87. हजारी प्रसाद द्विवेदी के निबंधों का प्रकाशन वर्ष के अनुसार सही क्रम है :

(A) अशोक के फूल, कल्पलता, मध्यकालीन धर्म साधना, विचार और वितर्क

(B) कल्पलता, मध्यकालीन धर्म साधना, अशोक के फूल, विचार और वितर्क

(C) विचार और वितर्क, कल्पलता, अशोक के फूल, मध्यकालीन धर्म साधना

(D) मध्यकालीन धर्म साधना, अशोक के फूल, कल्पलता, विचार और वितर्क

88. 'शिवशंभु के चिट्ठे' निबंध में वर्णित चिट्ठों का सही क्रम है :

(A) आशा का अंत, पीछे मत फेंकिए, विदाई संभाषण, एक दुराशा

(B) पीछे मत फेंकिए, आशा का अंत, एक दुराशा, विदाई संभाषण

(C) विदाई संभाषण, आशा का अंत, पीछे मत फेंकिए, एक दुराशा

(D) एक दुराशा, आशा का अंत, पीछे मत फेंकिए, विदाई संभाषण

aglasem.com For more Question Papers, Sample Papers, Notes & Syllabus visit aglasem.com

89. प्रकाशन वर्ष के अनुसार निम्नलिखित रचनाओं का सही अनुक्रम है :

(A) मेरी तिब्बत यात्रा, माटी की मूरतें, संस्कृति के चार अध्याय, एक कहानी यह भी

(B) मेरी तिब्बत यात्रा, माटी की मूरतें, एक कहानी यह भी, संस्कृति के चार अध्याय

(C) माटी की मूरतें, संस्कृति के चार अध्याय, एक कहानी यह भी, मेरी तिब्बत यात्रा

(D) माटी की मूरतें, संस्कृति के चार अध्याय, मेरी तिब्बत यात्रा, एक कहानी यह भी

90. प्रकाशन वर्ष के अनुसार निम्नलिखित आत्म-कथाओं का सही अनुक्रम है :

(A) क्या भूलूँ क्या याद करूँ, मुर्दहिया, आपहुदरी, एक कहानी यह भी

(B) क्या भूलूँ क्या याद करूँ, एक कहानी यह भी, मुर्दहिया, आपहुदरी

(C) एक कहानी यह भी, मुर्दहिया, क्या भूलूँ क्या याद करूँ, आपहुदरी

(D) एक कहानी यह भी, क्या भूलूँ क्या याद करूँ, मुर्दहिया, आपहुदरी

91. **स्थापना :** उच्चारण की लघुतम इकाई 'अक्षर' है और लेखन की लघुतम इकाई 'वर्ण' है। अक्षरों के योग से वर्ण और वर्णों के संयोग से शब्द बनते हैं।

तर्क : लिपि के लिए वर्णों की आवश्यकता होती है और देवनागरी लिपि अक्षरात्मक है।

इनमें से कौन-सा विकल्प **सही** है ?

(A) स्थापना और तर्क दोनों सही हैं

(B) स्थापना और तर्क दोनों गलत हैं

(C) स्थापना सही और तर्क गलत है

(D) तर्क सही और स्थापना गलत है

92. **स्थापना :** स्वाधीनता आंदोलन के प्रसार के साथ भारतीय साहित्य का नये स्तर पर विकास हुआ।

तर्क : आंदोलन के साथ-साथ विकास संभव है।

इनमें से कौन-सा विकल्प **सही** है ?

(A) स्थापना और तर्क दोनों गलत हैं

(B) स्थापना गलत, तर्क सही है

(C) स्थापना और तर्क दोनों सही हैं

(D) तर्क गलत, स्थापना सही है

93. **स्थापना :** जब पाठक भावों को सामान्य रूप से 'मैं' और 'पर' की भावना से मुक्त होकर ग्रहण करते हैं तब रस की निष्पत्ति होती है।

तर्क : साधारणीकरण काव्यानुभूति की प्रक्रिया है।

इनमें से कौन-सा विकल्प **सही** है ?

(A) स्थापना और तर्क दोनों सही हैं

(B) स्थापना सही और तर्क गलत है

(C) स्थापना और तर्क दोनों गलत हैं

(D) स्थापना गलत और तर्क सही है

94. **स्थापना :** वात्सल्य की अभिव्यक्ति में तुलसीदास सूरदास से पिछड़ गए हैं।

तर्क : सूरदास के वात्सल्य में संकल्पात्मक अनुभूति की तीव्रता है।

इनमें से कौन-सा विकल्प **सही** है ?

(A) स्थापना और तर्क दोनों सही हैं

(B) स्थापना गलत और तर्क सही है

(C) स्थापना सही और तर्क गलत है

(D) स्थापना और तर्क दोनों गलत हैं

95. **स्थापना :** सुमित्रानंदन पंत की रहस्य भावना स्वाभाविक है, साम्प्रदायिक नहीं।

तर्क : पंत जी ने उस अज्ञात प्रियतम के प्रति प्रेम की व्यंजना में प्रिय व प्रेमिका का स्वाभाविक पुरुष-स्त्री भेद रखा है।

इनमें से कौन-सा विकल्प **सही** है ?

(A) स्थापना और तर्क दोनों सही हैं

(B) स्थापना और तर्क दोनों गलत हैं

(C) स्थापना सही और तर्क गलत है

(D) स्थापना गलत और तर्क सही है

96. **स्थापना :** दलित विमर्श दलित मानसिकता से मुक्ति नहीं बल्कि वैचारिक मुक्ति है।

तर्क : दलित लेखन वैचारिक रूप से समृद्ध है।

इनमें से कौन-सा विकल्प **सही** है ?

(A) स्थापना एवं तर्क दोनों गलत हैं

(B) स्थापना एवं तर्क दोनों सही हैं

(C) स्थापना सही एवं तर्क गलत है

(D) स्थापना गलत एवं तर्क सही है

97. **स्थापना :** बिंब की सफलता सहृदय में संवेदनों को उद्‌बुद्ध करने की क्षमता पर निर्भर करती है।

तर्क : बिंब का ऐंद्रिय संवेद्य होना अनिवार्य नहीं है।

इनमें से कौन-सा विकल्प **सही** है ?

(A) स्थापना सही और तर्क गलत है

(B) स्थापना और तर्क दोनों गलत हैं

(C) स्थापना गलत और तर्क सही है

(D) स्थापना और तर्क दोनों सही हैं

98. **स्थापना :** अरे, हम भारतवासी कितने सौभाग्य-शाली हैं और हमारी संस्कृति कितनी समृद्ध है कि आदर, प्यार और दुलार सहित जीवनदात्री हमारी माताओं की विस्तृत सूची है।

तर्क : हमारा देश सांस्कृतिक वैविध्य से परिपूर्ण है।

इनमें से कौन-सा विकल्प **सही** है ?

(A) स्थापना सही है, तर्क गलत है

(B) स्थापना और तर्क दोनों गलत हैं

(C) तर्क सही है स्थापना गलत है

(D) स्थापना और तर्क दोनों सही हैं

99. **स्थापना :** नाटक का लिखित रूप ही उसके मंचन की दिशा निर्धारित कर देता है।

तर्क : नाटक के लिखित रूप में नाटक का कथ्य और शिल्पगत ढाँचा विद्यमान रहता है।

इनमें से कौन-सा विकल्प **सही** है ?

(A) स्थापना गलत और तर्क सही है

(B) स्थापना सही और तर्क गलत है

(C) स्थापना और तर्क दोनों सही हैं

(D) स्थापना और तर्क दोनों गलत हैं

100. **स्थापना :** सूर की भारी विशेषता है नवीन प्रसंगों की उद्‌भावना।

तर्क : प्रसंगों की उद्‌भावना मात्र से नवीन विशेषता प्रकट नहीं होती है।

इनमें से कौन-सा विकल्प **सही** है ?

(A) स्थापना और तर्क दोनों गलत हैं

(B) तर्क सही और स्थापना गलत है

(C) स्थापना सही और तर्क गलत है

(D) स्थापना और तर्क दोनों सही हैं

aglasem.com For more Question Papers, Sample Papers, Notes & Syllabus visit aglasem.com

APR - 02224/II—A

ROUGH WORK